जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा/गोपनीय/ 2017/853 दिनांक 05.07.2017

प्रति,

अंतिम अवसर

प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः- बी.बी.ए./बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा मई-जून-2017 हेतु आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/ प्रोजेक्ट (मौखिकी) परीक्षा के अंक दिनांक **08.07.2017** तक अनिवार्य रूप से ऑनलाइन अपडेट करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, बी.बी.ए./बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा **मई-जून-2017** (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) छात्र/छात्राओं की प्रायोगिक परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में **दिसम्बर-2016** के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के द्वारा आपके महाविद्यालयों में जिन विषयों की परीक्षायें सम्पन्न कराई गई थी। उन्ही बाह्य परीक्षकों को **मई-जून 2017** की प्रायोगिक परीक्षाओं हेतु बाह्य परीक्षक नियुक्त किया जाता है। कृपया आप उक्त बाह्य परीक्षकों से सम्पर्क कर शीघ्र परीक्षाऐं सम्पन्न कराने का कष्ट करें।

बी.बी.ए./बी.सी.ए. षष्ठम सेमेस्टर परीक्षा **मई-जून-2017** (नियमित/ भूतपूर्व/ए0टी0के0टी0) छात्र/छात्राओं के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट (मौखिकी) की परीक्षा सम्पन्न कराकर आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजक्ट (मौखिकी) परीक्षा के अंक विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर ऑनलाईन दिनांक **08.07.2017** तक अनिवार्य रूप से अपडेट करें, अपडेट किये गये अंकों की सूची की हार्ड कापी विश्वविद्यालय के गोपनीय विभाग में दिनांक **10.07.2017** तक अनिवार्य रूप से जमा करायें।

आपको भी ज्ञात होगा कि, आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट (मौखिकी) परीक्षा के अंक सभी नियमित/भूतपूर्व छात्रों के ऑनलाईन अपडेट किये जाते है। ए0टी0के0टी के परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन/प्रायोगिक/प्रोजेक्ट (मौखिकी) परीक्षा के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है। केवल ऐसे ए0टी0के0टी0 परीक्षार्थी जिनको प्रायोगिक परीक्षा या आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में ए0टी0के0टी0 प्राप्त होती है। केवल उन्ही छात्रों को नवीन प्रायोगिक/ प्रोजेक्ट (मौखिकी)/आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट किये जाते है।

आपको यह पुनः स्मरण कराया जाता है कि, आपके महाविद्यालय के लिये नियुक्त बाह्य परीक्षकों के नियुक्ति पत्र आपके महाविद्यालय की ई-मेल आई0डी0 पर विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में प्रेषित किये गये हैं। संबंधित बाह्य परीक्षकों से प्रायोगिक परीक्षाऐं सम्पन्न कराये जाने के उपरांत हार्डकॉपी पर बाह्य परीक्षक का नाम एवं मोबाइल एवं ई.मेल आई.डी स्पष्ट रूप से अंकित करें। उक्त जानकारी के आभाव में संबंधित महाविद्यालय के अंक किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किये जावेंगें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

5. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
7. उप/सहा0 कुलसचिव(गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
8. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।

सहायक कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)